

दो सगी बहनों की बहादुरी से पकड़ा लुटेरा

80 की स्पीड से दौड़ाई स्कूटी,फूलबाग पर लुटेरे को टक्कर मारकर पटका

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 8 अगस्त। शहर में शनिवार सुबह दो बहनों ने ऐसी बहादुरी दिखाई जिसकी हर तरफ तारीफ हो रही है। मोबाइल लुटेरे का न सिर्फ स्कूटी से पीछा किया बल्कि बाइक में टक्कर मारकर उसे गिरा दिया और फिर जनता के हवाले कर दिया।

जानकारी के मुताबिक सीपी कॉलोनी मुरार की रहने वाली दो सगी बहनें हर्षिता और रसिता अग्रवाल सुबह कॉलेज थाना क्षेत्र स्थित सोफा गैलरी के पास से गुजर रही थीं। तभी बाइक पर सवार एक बदमाश ने स्कूटी पर पीछे बैठी युवती के हाथ पर झपट्टा मारकर मोबाइल लूट लिया और भाग गया।

युवतियों ने हिम्मत नहीं हारी। दोनों ने उसी समय बदमाश का पीछा शुरू कर दिया। सोफा गैलरी से लेकर फूलबाग तक करीब 80 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से स्कूटी दौड़ाई। फूलबाग के पास जब जाम में बदमाश फंसा तो वह टेम्पो से आगे निकलकर बाइक मोड़कर भागने लगा। तभी बहनों ने स्कूटी से उसकी बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बदमाश सड़क पर गिर पड़ा।

युवतियों ने उसे उठने नहीं दिया। स्कूटी एक तरफ पटक कर दोनों ने उसे पकड़ लिया और पीटना शुरू कर दिया। शोर सुनकर वहां भीड़ जमा हो गई। जब भीड़ को पता चला कि यह मोबाइल लूटकर भाग रहा था तो लोगों ने भी जमकर उसकी धुनाई कर दी और बाद में पुलिस के हवाले कर दिया। इस दौरान युवतियों को भी हल्की चोटें आई हैं।

पंजाब का रहने वाला है आरोपी, डोमिनो में करता है काम

पकड़े गए बदमाश का नाम मनप्रीत बताया जा रहा है। वह पंजाब का रहने वाला है और दो दिन पहले ही ग्वालियर आया था। वह फूड सर्विस प्रोवाइड करने वाली कंपनी डोमिनो में डिलीवरी बॉय का काम करता है। पूछताछ में उसने बताया कि किराए का कमरा लेने के लिए उसके पास पैसे नहीं थे, इसलिए उसने मोबाइल लूटा ताकि उसे बेचकर कमरे का किराया दे सके। पुलिस अब उसका पंजाब का रिकॉर्ड मंगवा रही है।

एसएसपी ने बेटियों को किया सम्मानित

दोनों साहसी बेटियों की दिलेरी की पुलिस अफसर सराहना की । पुलिस कप्तान ने दोनों बहनों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया ।

इनामी डकैत कल्लू गुर्जर का दूसरा साथी दबोचा

घाटीगांव थाना पुलिस कर रही है पूछताछ, कंटेनर पर फायरिंग कर टायर बर्स्ट करने में था शामिल

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 8 अगस्त। एक साल से पुलिस को चकमा दे रहे 30 हजार रुपये के इनामी कुख्यात डकैत कल्लू गुर्जर गैंग के दूसरे सदस्य को पुलिस ने जंगल से गिरफ्तार किया है। शनिवार सुबह पुलिस की घेराबंदी के दौरान आरोपी जंगल में मिला। पकड़े गए आरोपी की पहचान अजय पुत्र लालसिंह गुर्जर (28), निवासी लेहर, थाना दिमनी, हाल निवास शिकारपुर फाटक के पास मुरैना के रूप में हुई है।

एसडीओपी घाटीगांव शैलेन्द्र शर्मा ने बताया कि 15 दिन पहले कल्लू गुर्जर गैंग ने भोपाल के एक कंटेनर चालक से रंगदारी मांगी थी। रंगदारी नहीं देने पर गैंग ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर कंटेनर के सभी टायर बर्स्ट कर दिए थे।घटना के बाद से ही घाटीगांव, पनिहार, मोहना, तिघरा, आरोन और गिरवाई सहित आधा दर्जन थानों की सात टीमों ने जंगल की घेराबंदी कर सर्चिंग शुरू की थी। 8 दिन पहले पुलिस ने घेराबंदी कर कल्लू के साथी अजय उर्फ दुर्लभ गोस्वामी वीरेन्द्र निवासी मुरैना को कैंट रोड रेलवे ब्रिज के पास से पकड़ा था।

पुलिस पूछताछ में खुलासा हुआ है कि नया पकड़ा गया आरोपी अजय भी कंटेनर पर फायरिंग के दौरान कल्लू के साथ मौजूद था। वारदात के बाद कल्लू उसे जंगल में ही छोड़कर भाग गया था। पुलिस अब उससे कल्लू के ठिकानों के बारे में पूछताछ कर रही है और जंगल में सर्चिंग और तेज कर दी गई है। कल्लू गुर्जर कोई मामूली डकैत नहीं है। उस पर 30 हजार रुपये का इनाम घोषित है। बीते साल उसने साथी डकैत योगी गुर्जर के साथ मिलकर तिघरा इलाके में फायरिंग कर एक गर्भवती महिला का अपहरण किया था और पुलिस टीम पर भी गोलियां चलाई थीं।

इनका कहना है...

कल्लू गुर्जर गिरोह का एक सदस्य घाटीगांव थाना पुलिस ने पकड़ा है। पकड़े गए बदमाश से पूछताछ की जा रही है, जिससे कल्लू गुर्जर को दबोचा जा सके।

– धर्मवीर सिंह, एसएसपी

एक नजर में

मरीजों ने लिया नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ

ग्वालियर 8 अगस्त। जनशक्ति वेलफेयर सोसायटी द्वारा मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के सहयोग से संत रविदास बगिया, नहर पटेर, कमल सिंह का बाग, लश्कर में नि :शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाया गया। शिविर में 65 मरीजों की जांच कर उन्हें चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। शिविर में मेडिसिन, पथरी एवं पेट रोग, हड्डी-जोड़ तथा स्त्री एवं प्रसूति रोग से संबंधित मरीजों का परीक्षण किया गया। इसके साथ ही बीपी, शुगर और ईसीजी की जांच भी की गई। कार्यक्रम जनशक्ति वेलफेयर सोसायटी के संरक्षक जगमोहन सक्सेना के सानिध्य में हुआ। राष्ट्रीय महिला कोषाध्यक्ष अंजू भदौरिया और महिला जिला अध्यक्ष रानू शर्मा ने व्यवस्थाओं में सहयोग किया। शिविर में कम्युनिटी इंगेजमेंट प्रोग्राम (सीईपी) से जुड़े कॉलेज विद्यार्थी भी शामिल हुए। विद्यार्थियों ने मरीजों से संवाद कर सामुदायिक स्वास्थ्य समस्याओं को समझा और शिविर के संचालन व टीमवर्क का व्यावहारिक अनुभव लिया। सोसायटी के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष अरुणेश सिंह भदौरिया ने कहा कि संस्था का उद्देश्य जरूरतमंदों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के साथ युवाओं को सामाजिक सरोकारों से जोड़ना भी है। ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में सामाजिक जिम्मेदारी और सेवा भावना विकसित होती है।

नैतिक मूल्यों और एकाग्रता से ही विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास संभव – बीके प्रहलाद

ग्वालियर। द गुरुकुलम स्कूल में विद्यार्थियों के लिए नैतिक शिक्षा, व्यवहारिक शिक्षा, पढ़ाई में एकाग्रता एवं मेडिटेशन विषय पर विशेष प्रेरणात्मक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को जीवन में सकारात्मक सोच, अनुशासन, अच्छे संस्कार, आत्मविश्वास तथा एकाग्रता के महत्व से अवगत कराया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय संस्थान के वरिष्ठ राजयोग प्रशिक्षक एवं मोटिवेशनल स्पीकर बीके प्रहलाद भाई ने कहा कि विद्यार्थी जीवन व्यक्तित्व निर्माण की सबसे महत्वपूर्ण अवस्था है। केवल किताबी ज्ञान से ही जीवन में सफलता प्राप्त नहीं होती, बल्कि अच्छे संस्कार, सकारात्मक सोच, सही व्यवहार और आत्म-अनुशासन भी उतने ही आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि यदि विद्यार्थी अपने मन को एकाग्र करना सीख लें तो पढ़ाई के साथ-साथ जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में बेहतर परिणाम प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम में बीके पवन, गुरुकुलम स्कूल एसओटीसी हेड शैलेन्द्र सिंह, सीनियर कोऑर्डिनेटर श्रीदीपा, सुनील, शालिनी, अभिषेक, संदीप, निष्ठा, हेमा, आकांछा, पूजा, ज्योति, सपना, आदि शिक्षकगण उपस्थित थे।

सावन की पहली एकादशी आज, व्रत से मिलेगा विशेष फल

ग्वालियर। सावन का पवित्र महीना भगवान शिव की पूजा-अर्चना के लिए विशेष महत्व रखता है। भक्त पुरे श्रद्धाभाव से भगवान शिव की उपासना कर उन्हें प्रसंन करने का प्रयास कर रहे है। भगवान शिव की आराधना के साथ ही इस पावन महीने में पड़ने वाले व्रत और त्यौहारों के महत्व का भी धार्मिक ग्रंथों में वर्णन किया गया है। मान्यता के अनुसार सावन में जिस प्रकार सोमवार व्रत का महत्व है उसी तरह सावन में पड़ने वाली एकादशी के व्रत को भी अत्यंत महत्वूर्ण माना गया है। इस बार सावन मास में दो एकादशी पड़ रही है। सावन मास की कृष्णा पक्ष की एकादशी यानि कामिका एकादशी आज है। सावन मास की पहली एकादशी होने के कारण कामिका एकादशी अत्यंत महत्वपूर्ण मानी गई। व्रत करने से नष्ट होते है पाप धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, ब्रह्मा जी ने नारद जी को कामिका एकादशी व्रत की महत्वता के बारे में बताते हुए कहा था की कामिका एकादशी पर विधि-विधान से भगवान विष्णु का व्रत और पूजन-अर्चना करने से व्यक्ति को पितृ दोष, ब्रह्महत्या और जाने अनजाने में किए कई पापों के प्रभाव से मुक्ति मिल जाती है तथा जीवन में सुख, समृद्धि और वैभव की प्राप्ति होती है। इसके अलावा कामिका एकादशी पर भगवान विष्णु को तुलसी अर्पित करना भी अत्यंत आवश्यक माना गया है क्योंकि तुलसी के बिना भगवान भोग स्वीकार नहीं करते। प्राप्त होता है दोगुना फल इस दिन भगवान विष्णु की उपासना करने के साथ यदि भगवान शिव का जलाभिषेक कर उन्हें बेलपत्र अर्पित की जाए, तो भक्तों को भगवान शिव और भगवान विष्णु दोनों की विशेष कृपा प्राप्त होती है। ऐसा इसलिए क्योंकि भगवान विष्णु स्वयं भगवान शिव को अपना आराध्य मानते हैं इसलिए कामिका एकादशी पर व्रत करने से भक्तों को दोगुने फल की प्राप्ति होती है।

स्पोर्ट्स इंज्यूरी पर सेमिनार आयोजित

ग्वालियर। खेल-कूद के दौरान होने वाली चोटों से बचने के लिए वार्म-अप और कूल-डाउन करना बेहद जरूरी है। दर्द होने पर तुरंत आराम करें और चोट को नजरअंदाज न करें। यह बात ग्वालियर आर्थोपेडिक सोसायटी के सचिव एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. आशीष दुबे ने कही। वे बोन एंड जॉइंट वीक के अंतर्गत लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान में आयोजित स्पोर्ट्स इंज्यूरी पर सेमिनार में मुख्य वक्ता के रूप में बोल रहे थे। डॉ. दुबे ने कहा कि स्पोर्ट्स इंज्यूरी ऐसी शारीरिक चोटें हैं जो मुख्य रूप से खेल, कसरत या किसी भी भारी शारीरिक गतिविधि के दौरान मांसपेशियों, हड्डियों, जोड़ों, लिगामेंट्स या टेंडन में लगती हैं। उन्होंने खेल चोटों के उपचार और रोकथाम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर संस्थान के डीन एकेडमिक विंग प्रो. डॉ. जोसफ सिंह, फिजिकल एजुकेशन विभागाध्यक्ष डॉ. आर कृष्णा, हेल्थ सेंटर इंचार्ज डॉ. नरेंद्र सिंह और हेल्थ सेंटर मेडिकल ऑफिसर डॉ. हेमलता शर्मा सहित अन्य फैकल्टी और छात्र उपस्थित रहे।

40 घंटे बाद तलैया से निकला युवक का शव

दोस्तों के साथ नहाने गया था मृतक

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 8अगस्त। जनकगंज थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। दोस्तों के साथ तलैया में नहाने गया 23 साल का युवक डूब गया। करीब 40 घंटे तक चले सर्च ऑपरेशन के बाद शनिवार सुबह उसका शव पानी से बाहर निकाला जा सका।

क्या है पूरा मामला ?

मृतक की पहचान गोल पहाड़िया निवासी पंकज जाटव (23) के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक बीते गुरुवार शाम करीब 4 बजे पंकज अपने दो दोस्तों के साथ गोल पहाड़िया स्थित मेहराव साहब की तलैया में नहाने गया था। नहाते समय वह अचानक गहरे पानी में चला गया और देखते ही देखते गायब हो गया।

दोस्तों ने काफी देर तक तलाश की, लेकिन पता नहीं चला। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।

2 दिन चला रेस्क्यू ऑपरेशन

सूचना मिलते ही जनकगंज पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और बोट की मदद से सर्चिंग शुरू की। गुरुवार देर रात तक तलाश जारी रही, लेकिन अंधेरा होने के कारण रोकना पड़ा।

शुक्रवार को सुबह से शाम तक फिर से तलाशी अभियान चलाया गया, पर सफलता नहीं मिली। शनिवार सुबह दोबारा सर्चिंग शुरू करने पर कुछ ही देर में पंकज का शव कीचड़ में फंसा हुआ मिला। बताया जा रहा है कि वह सिर के बल दलदल में फंस गया था।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है और मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। हादसे की असली वजह की

पांच साल से रह रहा पार्टनर निकला शादीशुदा

लिव इन में धोखा, सोशल मीडिया से खुला राज, मामला दर्ज,आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 8अगस्त। माधौगंज थाना क्षेत्र के रॉक्सीपुल इलाके में लिव-इन रिलेशनशिप में धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। 30 वर्षीय युवती ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि उसका लिव-इन पार्टनर शादीशुदा निकला।

पीड़िता के मुताबिक उसकी पहचान 2015 में युवक से हुई थी। दोनों 2021 से 2025 तक रॉक्सीपुल स्थित एक अपार्टमेंट में किराए पर लिव-इन में साथ रहे। कुछ समय बाद विवाद के बाद दोनों ने आपसी सहमति से अलग रहने का फैसला किया और लिखित एग्रीमेंट भी किया।

युवती का आरोप है कि 8 जून 2025 को युवक दोबारा उसके घर आया और शादी का वादा कर फिर से संबंध बनाए। कई बार शादी का झांसा देता रहा।

कुछ दिन पहले युवती सोशल मीडिया देख रही थी, तभी युवक की एक फोटो पर नजर पड़ी जिसमें वह दूसरी युवती के साथ शादीशुदा जोड़े के रूप में था। पूछताछ करने पर युवक ने खुद शादीशुदा होने की बात स्वीकार कर ली और शादी से इनकार करके चला गया।

इसके बाद पीड़िता ने माधौगंज थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को हिरासत में ले लिया है।

इनका कहना है...

पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर आरोपी को पकड़ा गया है। उससे पूछताछ की जा रही है।

– दिव्या तिवारी, थाना प्रभारी माधौगंज

पूर्ण परियोजनाओं से राजस्व बढ़ाने पर फोकस

सांसद भारत सिंह कुशवाह की अध्यक्षता में हुई स्मार्ट सिटी एडवायजरी फोरम की बैठक

नवभारत न्यूज

ग्वालियर, 08 अगस्त। स्मार्ट सिटी की पूर्ण हो चुकी परियोजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन और उनसे राजस्व वृद्धि के लिए कार्य योजना बनाने पर जोर दिया गया। वहीं प्रगतिरत परियोजनाओं विशेषकर मल्टीलेवल कार पार्किंग को तय समय-सीमा में पूरा करने के सख्त निर्देश दिए गए।

शनिवार को नगर निगम के बाल भवन में स्मार्ट सिटी एडवायजरी फोरम की बैठक सांसद भारत सिंह कुशवाह की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में नगर निगम आयुक्त एवं स्मार्ट सिटी सीईओ संघ प्रिय, अपर आयुक्त टी प्रतीक राव सहित फोरम के सदस्य और विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए सांसद श्री कुशवाह ने कहा कि स्मार्ट सिटी के तहत शहर में जो नए आयाम जुड़े हैं, उनके रख-रखाव और संधारण की पुख्ता व्यवस्था की जाए। ऐसी व्यवस्था हो जिससे शहरवासियों को विकास कार्यों का लाभ लंबे समय तक मिल सके। पूर्ण परियोजनाओं का आंकलन कर राजस्व वृद्धि की कार्य योजना बनाई जाए ताकि संचालन और मॉनिटरिंग को अधिक प्रभावी बनाया जा सके।

उन्होंने स्मार्ट सिटी की वित्तीय सहायता से नगर निगम द्वारा कराए जा रहे मोतीमहल स्थित संग्रहालय के जीर्णोद्धार कार्य के बजट का आंकलन थर्ड पार्टी से कराने के निर्देश भी दिए।

बैठक में सचिन तेंदुलकर मार्ग उन्नयनीकरण, मल्टीलेवल कार पार्किंग और कन्वेंशन सेंटर की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। नगर निगम आयुक्त ने बताया कि सचिन तेंदुलकर मार्ग का निर्माण तेज गति से चल रहा है। सड़क निर्माण पूर्ण होने के बाद महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर की थीम पर सौंदर्यीकरण किया जाएगा। सदस्यों ने योजना की सराहना की।

सांसद ने निर्देश दिए कि इस मार्ग में जहां भी पुलिया आदि की आवश्यकता हो, उसका प्रावधान किया जाए। इसके लिए अतिरिक्त राशि की आवश्यकता होने पर वह भी उपलब्ध कराई जाएगी।

इस पर सांसद कुशवाह ने कहा कि वेंडर से तय समय में कार्य पूर्ण करने का लिखित आश्वासन लिया जाए ।

बैठक में सलाहकार समिति के सदस्य डॉ. सत्यप्रकाश शर्मा, हरिमोहन पुरोहित, पूर्व महापौर समीक्षा गुप्ता, चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, राजन सेठ सहित अन्य सदस्यों ने महत्वपूर्ण सुझाव दिए। सदस्यों ने थीम पार्क में वर्ष के महत्वपूर्ण दिनों में छोटे बच्चों के लिए नि:शुल्क प्रवेश, आईटीएमएस का दायरा बढ़ाने और कंट्रोल कमांड सेंटर के माध्यम से शहर के दूरस्थ क्षेत्रों में सीसीटीवी निगरानी बढ़ाने जैसे सुझाव दिए। सांसद ने सभी सुझावों पर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश अधिकारियों को दिए।

चित्रकूट धाम मेले के लिए दौड़ेंगी दो मेला स्पेशल ट्रेनें

ग्वालियर। चित्रकूट धाम में श्रावण अमावस्या मेले के अवसर पर रेल प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा के लिए 11 से 13 अगस्त तक वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी से चित्रकूट धाम कर्वी के बीच दो मेला स्पेशल ट्रेनों के संचालन का निर्णय लिया है।

रेल प्रशासन के अनुसार भीड़ को देखते हुए गाड़ी संख्या 66613/66614 झांसी-बांदा मेमू का विस्तार आवश्यकता अनुसार चित्रकूट धाम कर्वी तक किया जाएगा। वहीं कानपुर में सामान्य श्रेणी का एक अतिरिक्त रैक स्टैंडबाय पर रखा जाएगा, जिसे भीड़ बढ़ने पर कानपुर से चित्रकूट धाम कर्वी के बीच चलाया जाएगा।

पहली मेला स्पेशल – झांसी से सुबह 10:10 बजे प्रस्थान करेगी। ओरछा, बरुआसागर, निवाड़ी, मऊरानीपुर, हरपालपुर, कुलपहाड़, महोबा, बांदा, अतर्रा होते हुए शाम 5:45 बजे चित्रकूट धाम कर्वी पहुंचेगी। वापसी में चित्रकूट धाम से शाम 7:25 बजे चलकर रात 1:00 बजे झांसी पहुंचेगी। दूसरी मेला स्पेशल – झांसी से रात 8:10 बजे प्रस्थान कर अगले दिन सुबह 3:05 बजे चित्रकूट धाम कर्वी पहुंचेगी। वापसी में चित्रकूट धाम से सुबह 4:40 बजे चलकर सुबह 11:10 बजे झांसी पहुंचेगी।

हनुमान मंदिर परिसर में रोपे 25 पौधे

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 8 अगस्त। 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत नगर निगम ग्वालियर द्वारा पौधरोपण महाअभियान जारी है। इसी क्रम में शनिवार सुबह 8 बजे कलेक्ट्रेट पहाड़ी के पीछे स्थित प्रसिद्ध ताल वाले हनुमान मंदिर परिसर में वृहद पौधरोपण किया गया।

मंदिर परिसर में पहले से ही नगर निगम के पार्क विभाग द्वारा गड्ढे तैयार करा लिए गए थे। सुबह बड़ी संख्या में नगर निगम के अधिकारी, कर्मचारी और आमजन मंदिर परिसर पहुंचे और 2500 छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण किया।

इस अवसर पर अपर आयुक्त प्रदीप तोमर, उपायुक्त एवं पार्क अधीक्षक मुकेश बंसल, सहायक खेल अधिकारी विजेता सिंह सहित अतिक्रमण एवं पार्क विभाग की टीम, आईईसी टीम के सदस्य और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। सभी ने एक-एक पौधा माँ के नाम लगाया।

नगर निगम ने इन पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी मंदिर समिति और पार्क विभाग को सौंपी है, ताकि ये पौधे बड़े होकर वृक्ष का रूप ले सकें।

रमौआ बांध पर लगेंगे 7000 पौधे

पार्क अधीक्षक मुकेश बंसल ने बताया कि अगला बड़ा पौधरोपण रमीआ बांध पर किया जाएगा। वहां बन रहे नए बस स्टैंड एवं प्रस्तावित WTP प्लांट के पीछे फॉरेस्ट की जमीन चिन्हित की गई है। फॉरेस्ट क्षेत्र होने से पौधों की सुरक्षा बेहतर हो सकेगी। वहां जल्द ही 7000 पौधे लगाए जाएंगे, जिसमें शासकीय विभागों के साथ-साथ आमजनों का सहयोग भी लिया जाएगा।

सातवें वेतनमान का आदेश नहीं माना तो जीवाजी विवि से मांगा जवाब

ग्वालियर। जीवाजी विश्वविद्यालय के स्थायी कर्मचारियों को सातवें वेतनमान का लाभ देने के मामले में विश्वविद्यालय प्रशासन की मुश्किलें बढ़ गई हैं। हाईकोर्ट के पूर्व आदेश के अनुपालन की स्थिति स्पष्ट नहीं होने पर जीवाजी विश्वविद्यालय स्थायी कर्मी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष यतेंद्र शर्मा की ओर से दायर अवमानना याचिका पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने विश्वविद्यालय को चार सप्ताह में अनुपालन रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए हैं। मामले को चार सप्ताह बाद फिर सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया है। सुनवाई के दौरान प्रतिवादियों की ओर से पेश अधिवक्ता ने कोर्ट से अनुपालन रिपोर्ट दाखिल करने के लिए समय मांगा। न्यायमूर्ति अमित सेठ ने समय देने का अनुरोध स्वीकार कर लिया। अब अगली सुनवाई में विश्वविद्यालय प्रशासन को यह स्पष्ट करना होगा कि स्थायी कर्मचारियों को सातवें वेतनमान का लाभ देने के संबंध में हाईकोर्ट के पूर्व आदेश के पालन में अब तक क्या कार्रवाई की गई है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने हाईकोर्ट के पूर्व आदेश के खिलाफ रिव्यू पिटीशन भी दायर की थी, लेकिन न्यायमूर्ति आशीष श्रोती ने इसे खारिज कर दिया था। रिव्यू पिटीशन खारिज होने के बाद भी आदेश के पालन की स्थिति स्पष्ट नहीं होने पर कर्मचारी संघ ने अवमानना का रास्ता अपनाया। कर्मचारी संघ के अध्यक्ष यतेंद्र शर्मा का कहना है कि सातवां वेतनमान कर्मचारियों के लिए केवल आर्थिक लाभ का विषय नहीं, बल्कि उनका वैधानिक अधिकार और लंबे समय से लंबित हक है। हाईकोर्ट के ताजा निर्देश के बाद अब विश्वविद्यालय प्रशासन को चार सप्ताह के भीतर अनुपालन रिपोर्ट पेश करनी होगी।

व्यापार मेला के सावन मेले में सुरीली शाम संगीत के नाम आयोजित

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 8 अगस्त। एसोसिएशन ऑफ ग्वालियर यूथ सोसायटी द्वारा ग्वालियर व्यापार मेला प्राधिकरण द्वारा आयोजित सावन मेला लगाया गया है इस सावन मेले में एसोसिएशन ऑफ ग्वालियर यूथ सोसायटी द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक आयोजन आयोजित किए जा रहे हैं संस्था के अध्यक्ष संजय कट्ठल ने बताया कि 8 अगस्त को म्यूजिकल प्रोग्राम सुरीली शाम संगीत के नाम का आयोजन किया गया।इसमें अनामिका म्यूजिकल ग्रुप के कलाकरों द्वारा मंच के माध्यम से रंगारंग प्रस्तुति दी अनामिका म्यूजिकल ग्रुप की अध्यक्ष सुचित्रा शर्मा सचिव अनामिका शर्मा की इस सुरीली शाम संगीत के नाम में उमेश कुशवाह ने वक्त का परिंदा रूका है कहा संतोष दास ने मेरे नैना सावन भादो फिर भी मेरा मन प्यासा एसके शर्मा ने तु मायके मत जाइयो मत जाइयो मेरी जान नरेश बलेचा ने आते जाते खूबसूरत आवारा सड़कों पर साधना शर्मा ने झूमका गिरा रे डोली शर्मा ने चूड़ी मजा ना देगी कंगन मजा ना देगा। इस मौके पर डॉ एन एन लाह, एडवोकेट विजय शर्मा जी पी, कुमार सेन, डॉ प्रवीण एसके मिश्रा अशोक जैन आदि उपस्थित रहे कार्यक्रम के अंत में सभी आमंत्रित कलाकारों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

भारत छोड़ो आंदोलन दिवस पर आज तिरंगा मार्च

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 8अगस्त। भारत छोड़ो आंदोलन दिवस के अवसर पर शहर जिला कांग्रेस सेवादल द्वारा 9 अगस्त को सुबह 10 बजे तिरंगा मार्च निकाला जाएगा। मार्च अचलेश्वर मंदिर से शुरू होकर जयेंद्रगंज, संजय कॉम्पलेक्स, नदी गेट होते हुए कांग्रेस कार्यालय, शिंदे की छावनी पहुंचेगा। मार्च में सेवादल के मुख्य विंग, महिला विंग, यंग ब्रिगेड सहित शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुरेंद्र यादव और कांग्रेसजन शामिल होंगे। कार्यक्रम की जानकारी शहर जिला कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष हरेंद्र गुर्जर, कार्यकारी अध्यक्ष तरुण यादव, महिला विंग अध्यक्ष मनोरमा सिंह और यंग ब्रिगेड अध्यक्ष आशिक उस्मानी ने दी।

नामांकन विज्ञप्ति / आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर निगम ग्वालियर के क्षेत्र अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षे. क्रं. 19 वार्ड क्रं. 50, भवन क्रं. 2263, स्थानः राय सिंह का बाग पर स्थित है जो कि श्री/श्रीमती आभा अग्रवाल / श्री अरविन्द अग्रवाल, अरविन्द अग्रवाल / श्री सतीश चन्द के नाम से नगर निगम में आई.डी. क्रं. 1000327173 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 400 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र क्र. ..... दिनांक ... के द्वारा प्राप्त किया गया है उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र महाराज बाड़ा औषधालय क्षे.क्रं. 19 पर दिनांक 09.07.2026 को किया गया है जिसका आवेदन कार्य.क्रं.82/2011/25623/25707/प्र.क्रं. *3/11 है उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त, नगर निगम ग्वालियर, सिटी सेन्टर में स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम/पता

फिरोज खान / श्री उस्मान खान

पताः राय सिंह का बाग, वार्ड-50

विज्ञप्ति जारी दिनांकः 08.08.2026

नामांकन विज्ञप्ति / आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर निगम ग्वालियर के क्षेत्र अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षे. क्रं. 06 वार्ड क्रं. 31, भवन क्रं. 1164, स्थानः ए-11, अशोक विहार कॉलोनी तानसेन रोड पर स्थित है जो कि श्री/श्रीमती श्रीराम राठौर / श्री बैजनाथ राठौर के नाम से नगर निगम में आई.डी. क्रं.1000270024 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 1000 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड दान-पत्र क्र. A100823511 दिनांक 06.07.2026 के द्वारा प्राप्त किया गया है उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र पड़ाव क्षे.क्रं. 06 पर दिनांक 07.08.2026 को किया गया है जिसका आवेदन कार्य.क्रं. 63/2010/49271/49218/प्र.क्रं.*3/11 है उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त, नगर निगम ग्वालियर, सिटी सेन्टर में स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम/पता

रामशंकर राठौर / श्री श्रीराम राठौर

पताः ए-11, अशोक विहार कॉलोनी तानसेन रोड, वार्ड-31

विज्ञप्ति जारी दिनांकः 08.08.2026

कार्यालय अधिष्ठाता एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, दतिया (म.प्र.)

Website - www.datiamedicalcollege.com
E mail Id- datiamedicalcollege@gmail.com

पता – 29 बटालियन के पास, एन.एच.-44
क्रमांक -5910/शा.चि.म./2026

जिला दतिया, म.प्र. पिन कोड 475661
दतिया, दिनांक 05/08/2026

प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना

शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं संबद्ध चिकित्सालय दतिया में एल्युमिनियम सेक्शन कार्य करवाये जाने हेतु ऑनलाइन निविदा के माध्यम से अनुबंध किया जाना है। इस हेतु ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा प्रपत्र (टेण्डर डॉक्यूमेण्ट) एवं समस्त निविदा संबंधी विवरण प्रकाशन दिनांक से राज्य शासन की अधिकृत ई-टेण्डरिंग बेवसाइट https://mptenders.gov.in पर डाउनलोड कर देखी जा सकती हैं एवं ऑनलाइन निविदा के प्रपत्र का मूल्य जी.एस.टी. सहित जमा कर क्रय की जा सकेगी। साथ ही प्रोसेसिंग शुल्क देय होगा। निविदा स्वीकृत अथवा अस्वीकृत एवं निरस्त करने का पूर्ण अधिकार समिति के पास सुरक्षित होगा।

S. N.	Tender Description	Aluminium Section Work
1.	Online Tender No.	2026-DME-526703
2.	Online Tender Fees (Non Refundable)	2000 + GST
3.	EMD Fees	20,000.00 (Twenty Thousand Rupee/-)
4.	Publishing Start Date	11/08/2026 at 12:00 PM
5.	Document Download / Sale Start Date	11/08/2026 at 13:00 PM
6.	Pre Bid Meeting Date	13/08/2026 at 12:00 PM At Govt. Medical College Datia
7,	Bid Submission Start Date	13/08/2026 at 13:00 PM
8.	Bid Submission Closing Date	09/09/2026 at 17:30 PM
9.	Bid Opening Date	11/09/2026 at 11:00 AM

नोट – निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन आवश्यक होने पर https://mptenders.gov.in पर अपलोड किया जावेगा, पृथक से कोई भी सूचना नहीं दी जावेगी।

G-16864/26

अधिष्ठाता एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी
शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय दतिया (म.प्र.)